न्यूज़लेटर

1-31 अगस्त, 2025

VOTE चोरी

वोट चोरी

के खिलाफ लड़ाई

राहुल गांधी ने वोट चोरी का पर्दाफाश करने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए पूरे देश भर में एक अभियान शुरू किया।

महीनों से, वह चुनावी गड़बड़ियों और बीजेपी-चुनाव आयोग की पार्टनरशिप को उजागर कर रहे हैं। इसमें एक निर्णायक मोड़ तब आया जब उन्होंने बेंगलुरु सेंट्रल में एक लाख से ज़्यादा फ़र्ज़ी वोटों का खुलासा किया। यह लड़ाई यहीं नहीं रुकी, राहुल गांधी ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा शुरू की और इस मुद्दे को सीधे लोगों के बीच लेकर गए। वोट चोरी के खिलाफ शरू हुई ये लड़ाई अब हमारे वोट के अधिकार की रक्षा के लिए एक जन आंदोलन बन गई है।

इस अभियान के बारे में अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें

वोट चोरी
का खुलासा

1,00,250 वोट चोरी हुए

वोट चोरी के 5 तरीक़े

फ़ॉर्म-6
का दुरुपयोग
33,692

फ़र्ज़ी और
अमान्य पते
40,009

एक पते पर थोक
में मतदाता
10,452

डुप्लीकेट
मतदाता
11,965

अमान्य
तस्वीरें
4,132

7 अगस्त को, राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और 2024 के लोकसभा चुनावों में वोट चोरी का पर्दाफ़ाश किया। बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा में छह महीने की जाँच के बाद, सिर्फ़ एक ही विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख से ज़्यादा फ़र्ज़ी मतदाता सामने आए - जिसके कारण बीजेपी की जीत हुई। राहुल गांधी ने ज़ोर देकर कहा कि यह कोई अकेला मामला नहीं है, बीजेपी को नरेंद्र मोदी को सत्ता में बनाए रखने के लिए सिर्फ़ 25 सीटों में गड़बड़ी करने की ज़रूरत थी।

वीडियो यहां देखें।

बिहार में SIR के विरुद्ध लड़ाई

वोटर अधिकार यात्रा

प्रमुख रैलियां यहां देखें:

औरंगाबाद | **सीतामढ़ी** | **अररिया**

17 अगस्त से राहुल गांधी ने बिहार में 16 दिवसीय वोटर अधिकार यात्रा शुरू की, जिससे SIR प्रक्रिया के ज़रिये लाखों लोगों के वोट काटे जाने की सच्चाई जनता के सामने लाई गई। इस यात्रा में उन्हें महागठबंधन के वरिष्ठ नेताओं का साथ मिला, जिनमें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम, राजद के तेजस्वी यादव, सीपीआई-एमएल के दीपांकर भट्टाचार्य और वीआईपी के मुकेश सहनी शामिल हुए।

दिन:
16 दिन

जिले:
20+ जिले

दूरी:
1,300+ किमी

रैलियां:
18

झलकियां

वोट चोरी का मतलब सिर्फ वोट चोरी नहीं है...
वोट चोरी = अधिकार की चोरी
वोट चोरी = आरक्षण की चोरी
वोट चोरी = रोजगार की चोरी
वोट चोरी = शिक्षा की चोरी
वोट चोरी = लोकतंत्र की चोरी
वोट चोरी = युवाओं के अधिकार की चोरी
वोट बचाएंगे - देश बचाएंगे!
संविधान बचाओ - अधिकार बचाओ!!

पटना में वोटर अधिकार रैली के मंच से राहुल गांधी ने कहा कि उनकी यात्रा वोट चोरी के खिलाफ लोगों को जागरूक करने में सफल रही है और उन्होंने बीजेपी को आने वाले हाइड्रोजन बम के बारे में भी चेतावनी दी।

इंडिया गठबंधन सांसदों के साथ दिल्ली में चुनाव आयोग मुख्यालय के बाहर वोट चोरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस ने बाद में इंडिया गठबंधन के सभी सांसदों को विरोध प्रदर्शन करने के लिए हिरासत में ले लिया।

महादेवपुरा की जांच में सामने आए परिणामों को इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ रात्रिभोज पर साझा किया।

चुनाव आयोग की SIR ड्राफ्ट सूची में गलत तरीके से मृत घोषित किए गए बिहार के लोगों से मुलाकात।

वोटर अधिकार यात्रा के दौरान गया में एक जनसभा को संबोधित किया।

पूर्णिया में मखाना किसानों के साथ मिलकर खेती की।

वोटर अधिकार यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव के साथ बुलेट की सवारी।

मुख्यधारा के मीडिया में बहुजन मुद्दों की अनदेखी पर चर्चा करने के लिए बहुजन यूट्यूबर्स के साथ बातचीत।

फिटनेस इन्फ्लुएंसर राजा यादव के साथ स्वस्थ तन और मन के महत्व पर चर्चा।

अररिया में, गठबंधन के साथियों के साथ चाय-पकौड़ों पर विचार-विमर्श।

बिहार के भविष्य के साथ मुलाकात।

न्यूज़लेटर को सब्सक्राइब करने के लिए यहां क्लिक करें